# MJ-827

## M.Com.

1st Semester Examination, July-Dec., 2021

Compulsory

Paper - II

## Advanced Accounting

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

[*Minimum Pass Marks* : 16

---

**नोट** : **सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।**

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

---

### इकाई / Unit-I

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

   (*a*) न्यूनतम अभिदान

   (*b*) प्रार्थित पूँजी

   (*c*) संचित पूँजी

   (*d*) भागयुक्त पूर्वाधिकार अंश

   (*e*) परिवर्तन द्वारा ऋणपत्रों का शोधन

Write short notes on the following :

(a) Minimum subscription

(b) Subscribed capital

(c) Reserve capital

(d) Participating Preference Share

(e) Redemption of debentures by conversion

**अथवा / OR**

A लि० ने ₹ 10 वाले 20000 अंशों को ₹ 2 प्रति अंश पर प्रीमियम की दर से निर्गमित किया। इन पर निम्न प्रकार राशियां देय हैं :

आवेदन-पत्र पर ₹ 2 प्रति अंश; आबंटन पर ₹ 5 प्रति अंश (प्रीमियम सहित); प्रथम याचना पर ₹ 2 प्रति अंश एवं द्वितीय याचना पर ₹ 3 प्रति अंश। 30000 अंशों के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त हुए, 24000 अंशों के आवेदकों में आनुपातिक रूप से आबंटित किया गया, शेष आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिये गये थे और उनकी राशि लौटा दी गयी। आवेदन-पत्र की आधिक्य की राशि आबंटन पर देय राशियों के भुगतान के लिए प्रयोग की गयी।

A, जिसको कि 800 अंश आबंटित किये गये थे, ने आबंटन और याचना की राशियों का भुगतान नहीं किया। B, जिसे 1000 अंश आबंटित किये





गये थे, ने दोनों याचनाओं में से किसी का भी भुगतान नहीं किया। इन अंशों का दूसरी याचना किये जाने के बाद हरण कर लिया गया। सभी हरण किये हुए अंश ₹ 8 प्रति अंश की दर से पूर्णदत्त के रूप में X को बेच दिये गये। A लि० की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए।

A Ltd. issued for public subscription 20000 Equity Shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. Payable as under :

On application ₹ 2 per share; on allotment ₹ 5 per share (including premium); on first call ₹ 2 per share; on second call ₹ 3 per share. Applications were received for 30000 shares, allotment were made pro-rata to the applicant for 24000 shares, the remaining applications were rejected and their money was returned. Money over-paid on application was utilized towards sums due on allotment.

A, to whom 800 shares were allotted failed to pay the allotment and calls money and B, to whom 1000 shares were allotted failed to pay the two calls. All the shares were subsequently forfeited after the second call was made. All the forfeited shares were sold to X as fully paid up at ₹ 8 per share. Show the Journal Entries required to record the above transactions in the books of A Ltd.

## इकाई / Unit-II

2. बताइए कि एक कम्पनी के चिट्ठे में निम्नांकित मुख्य शीर्षकों के अन्तर्गत कौन सी मदें दिखाई जाती हैं :

(a) अंशधारी कोष

(b) चालू दायित्व

(c) चालू सम्पत्तियाँ

State the items that are included in the following major heads in the Balance Sheet of company :

(a) Shareholder's Fund

(b) Current Liabilities

(c) Current Assets

*अथवा / OR*

31 मार्च, 2014 को पायोनीयर कम्पनी लिमिटेड की पुस्तकों में निम्न बाकियाँ थीं :

प्राधिकृत एवं निर्गमित अंश पूँजी :

60000 समता अंश प्रत्येक ₹ 10 ₹ 6,00,000; सामान्य संचय ₹ 2,50,000; बिना दावे का लाभांश (अयाचित लाभांश) ₹ 6,526; व्यापारिक लेनदार ₹ 36,858; भवन ₹ 1,00,000; क्रय ₹ 5,00,903;





विक्रय ₹ 9,83,947; निर्माणी व्यय ₹ 3,59,000; स्थापना व्यय ₹ 26,814; सामान्य व्यय ₹ 31,078; मशीनरी ₹ 2,00,000; मोटर गाड़ी ₹ 15,000; फर्नीचर ₹ 5,000; प्रारम्भिक स्कन्ध ₹ 1,72,058; पुस्तक ऋण ₹ 1,57,380; विनियोग (निवेश) ₹ 2,88,950; रोकड़ शेष ₹ 67,240; संचालकों की फीस ₹ 1,800; प्राप्त ब्याज ₹ 8,544; स्टॉफ प्रॉविडेण्ट फण्ड ₹ 37,500; अन्तरिम लाभांश ₹ 15,000; लाभ-हानि विवरण-पत्र 1 अक्टूबर, 2013 को क्रेडिट शेष ₹ 16,848।

31 मार्च, 2014 को समाप्त 6 माह की अवधि के लिए निम्न सूचनाओं को ध्यान में रखकर लाभ-हानि विवरण तथा चिट्ठा (तुलन-पत्र) बनाइए :

(i) 31 मार्च, 2014 को स्कन्ध का मूल्य ₹ 2,48,680 था।

(ii) ₹ 60,000 ह्रास; ₹ 6,500 प्रबन्धक का कमीशन तथा ₹ 1,500 प्रॉविडेण्ट फण्ड के लिए अंशदान का आयोजन कीजिए।

(iii) विनियोग पर अर्जित ब्याज ₹ 2,750 था।

(iv) ₹ 2,500 एक कर्मचारी का क्षतिपूर्ति का दावा कम्पनी के पास विवादपूर्ण है।

The undermentioned balance appeared in the books of Pioneer Company Limited as on 31st March, 2014 :

Authorised and Issued Share Capital :

60000 Equity Shares of ₹ 10 each ₹ 6,00,000; General Reserve ₹ 2,50,000; Unclaimed Dividends ₹ 6,526; Trade Creditors ₹ 36,858; Buildings ₹ 1,00,000; Purchases ₹ 5,00,903; Sales ₹ 9,83,947; Manufacturing Expenses ₹ 3,59,000; Establishment Expenses ₹ 26,814; General Expenses ₹ 31,078; Machinery ₹ 2,00,000; Motor Vehicles ₹ 15,000; Furniture ₹ 5,000; Opening Stock ₹ 1,72,058; Book Debts ₹ 1,57,380; Investments ₹ 2,88,950; Cash Balance ₹ 67,240; Director's Fees ₹ 1,800; Interest received ₹ 8,544; Staff Provident Fund ₹ 37,500; Interim Dividends ₹ 15,000; Statement of Profit & Loss (Cr. Balance) as on 1st October, 2013 ₹ 16,848.

From the following information prepare the company's Balance Sheet as on 31st March, 2014 and Statement of Profit and Loss for the half year ended on that date :

(*i*) The Stock on 31st March, 2014 were valued at ₹ 2,48,680.





(*ii*) Privide ₹ 60,000 for depreciation; ₹ 6,500 for Manager's Commission and ₹ 1,500 for the contribution to the Provident Fund.

(*iii*) Interest accrued on investments amounted to ₹ 2,750.

(*iv*) A claim ₹ 2,500 for workmen's compensation is being disputed by the company.

**इकाई / Unit-III**

3. 31 मार्च, 2014 को X लि० का चिट्ठा निम्नांकित है :

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| **I. समता एवं दायित्वः** | |
| अंशधारी कोषः | |
| अंश पूँजी : | |
| निर्गमित एवं प्रार्थित पूँजी : | |
| प्रत्येक ₹ 10 वाले 8% पूर्वाधिकार अंश | 80,000 |
| प्रत्येक ₹ 10 वाले समता अंश | 2,00,000 |
| संचय एवं आधिक्य : | |
| लाभ-हानि विवरण (डेबिट शेष) (1,11,300) | |
| जोड़ो: सामान्य संचय 90,700 | (20,600) |

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| गैर-चालू दायित्व : | |
| प्रत्येक ₹ 10 वाले 7% ऋणपत्र | 40,000 |
| चालू दायित्व : | |
| व्यापारिक देय | 54,900 |
| | 3,54,300 |
| **II. सम्पत्तियाँ :** | |
| गैर-चालू सम्पत्ति : | |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 93,000 |
| चालू सम्पत्ति : | |
| स्कन्ध | 1,62,500 |
| व्यापारिक प्राप्य | 93,900 |
| रोकड़ एवं रोकड़ समकक्ष | 4,900 |
| | 3,54,300 |

पुनर्निर्माण की निम्नलिखित योजना ट्रिब्यूनल द्वारा अनुमोदित की जाती है और कम्पनी द्वारा लागू कर दी जाती है :

(*i*) ₹ 10 वाले प्रत्येक 7% ऋणपत्र को एक ₹ 5 वाले 10% ऋणपत्र में, एक नये ₹ 2.5 वाले 10% पूर्वाधिकार अंश में और एक नये ₹ 2.5 वाले समता अंश में परिवर्तित किया जाये।





(*ii*) पूर्वाधिकार अंश का मूल्य घटाकर ₹ 3.75 कर दिया जाये जिसमें से ₹ 1.75 का प्रतिनिधित्व नये समता अंश करें तथा ₹ 2 का प्रतिनिधित्व नये 10% पूर्वाधिकार अंश करें।

(*iii*) प्रत्येक समता अंश का मूल्य घटाकर ₹ 2.50 प्रति अंश कर दिया जाये।

(*iv*) पूर्वाधिकार एवं समता अंश दोनों का प्रत्येक ₹ 10 वाले अंशों में एकीकरण कर दिया जाये।

पूँजी कटौती खाते के शेष को, हानियों को अपलिखित करने में और शेष राशि यदि कोई हो, तो उसे स्थायी सम्पत्ति एवं स्टॉक को आनुपातिक रूप से कम करने में काम में लिया जाये।

ट्रिब्यूनल ने आदेश दिया है कि स्थिति-विवरण में 'और कम किया' शब्दों को दिखाया जाये।

जर्नल प्रविष्टियां दीजिए तथा कम्पनी का परिवर्तित चिट्ठा बनाइए।

The following is the Balance Sheet of X Ltd. as on 31st March, 2014 :

| Particulars | ₹ |
|---|---|
| **I. Equity and Liabilities :** | |
| Shareholders funds : | |
| Share Capital : | |
| Issued and subscribed capital : | |
| 8% Preference shares of ₹ 10 each | 80,000 |

| Particulars | | ₹ |
|---|---|---|
| Equity shares of ₹ 10 each | | 2,00,000 |
| Reserve and Surplus : | | |
| Statement of Profit & Loss | | |
| Dr. Balance | (1,11,300) | |
| Add : General Reserve | 90,700 | (20,600) |
| Non-current liabilities : | | |
| 7% Debenture of ₹ 10 each | | 40,000 |
| Current liabilities : | | |
| Trade payable | | 54,900 |
| | | 3,54,300 |
| **II. Assets :** | | |
| Non-current Assets : | | |
| Fixed Assets | | 93,000 |
| Current Assets : | | |
| Inventories | | 1,62,500 |
| Trade receivables | | 93,900 |
| Cash & Cash equivalents | | 4,900 |
| | | 3,54,300 |

The following scheme of reconstruction is approved by Tribunal and is implemented by the Company :





(*i*) Each ₹ 10, 7% Debenture be exchanged for one, ₹ 5, 10% Deb., on New Pref. Shares of ₹ 2.50 each and one new Equity Shares of ₹ 2.50 each.

(*ii*) The Preference Shares are to be reduced to ₹ 3.75 to which ₹ 1.75 will be represented by New Equity Shares and ₹ 2 by New 10% Pref. Shares.

(*iii*) Equity shares are to be reduced to ₹ 2.50 each.

(*iv*) Both Pref. Shares and Equity Shares are to be consolidated into shares of ₹ 10 each.

The balance of Capital Reduction Account is to be applied for writing-off the losses and balance if any is to be used in writing down the amount of Fixed Assets and Stock proportionately. The Tribunal has passed the order to show in Balance Sheet the word 'And reduced'.

Pass the Journal entries and prepare the revised Balance Sheet.

**अथवा / OR**

क्रम्पनी के एकीकरण के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। एकीकरण के लिए जारी AS-14 के मुख्य बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।

Narrate the objects of amalgamation of companies. Describe the main features of AS-14 accounting for amalgamation.

## इकाई / Unit-IV

4. निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर समेकित चिट्ठा बनाइए :

चिट्ठा 31.3.2014 को

| विवरण | H लिमिटेड (₹) | S लिमिटेड (₹) |
|---|---|---|
| **I. समता एवं दायित्व :** | | |
| अंशधारी कोष | | |
| अंश पूँजी: ₹1 वाले पूर्णदत्त अंश | 10,000 | 2,000 |
| संचय एवं आधिक्य : | | |
| संचय | 1,000 | 600 |
| लाभ-हानि विवरण-आधिक्य | 4,000 | 1,200 |
| चालू दायित्व : | | |
| व्यापारिक देयताएं : | | |
| लेनदार | 2,000 | 1,200 |
| देय बिल | - | 300 |
| | 17,000 | 5,300 |





| विवरण | H लिमिटेड (₹) | S लिमिटेड (₹) |
|---|---|---|
| **II. सम्पत्तियाँ :** | | |
| गैर-चालू सम्पत्तियां : | | |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 8,000 | 1,200 |
| S लि० से 1500 अंश | 1,500 | - |
| चल सम्पत्तियां : | | |
| रहतिया | 6,100 | 2,400 |
| व्यापारिक प्राप्य : | | |
| देनदार | 1,300 | 1,700 |
| प्राप्य बिल | 100 | - |
| | 17,000 | 5,300 |

(*a*) जिस तारीख को H लि० ने S लि० के अंश क्रय किये हैं उसी के बाद S लि० ने सब लाभ उपार्जित किया है, लेकिन उस तारीख को ₹ 600 का संचय पहले ही से था।

(*b*) S लि० द्वारा स्वीकार किए हुए सभी बिल H लि० के पक्ष में है जिसने उनमें से ₹ 200 के बिल भुना लिये हैं।

(*c*) S लि० की स्थायी सम्पत्तियों का ₹ 200 से कम मूल्यांकन किया गया।

(*d*) H लि० के रहतिये में ₹ 500 का ऐसा माल शामिल है जिसे इसने S लि० से लागत पर 25% लाभ पर लिया है।

From the Balance Sheet and information given below, prepare a Consolidated Balance Sheet :

Balance Sheet (as at 31.3.2014)

| Particulars | H Ltd. (₹) | S Ltd. (₹) |
|---|---|---|
| **I. Equity & Liabilites :** | | |
| Shareholders' funds : | | |
| Share capital : | | |
| Shares of ₹ 1 each fully paid | 10,000 | 2,000 |
| Reserve and surplus : | | |
| Reserve | 1,000 | 600 |
| Statement of P & L— Surplus | 4,000 | 1,200 |
| Current liabilities : | | |
| Trade payables : | | |
| Creditors | 2,000 | 1,200 |
| Bills Payable | - | 300 |
| | 17,000 | 5,300 |





| Particulars | H Ltd. (₹) | S Ltd. (₹) |
|---|---|---|
| **II. Assets :** | | |
| Non-current assets : | | |
| Fixed assets | 8,000 | 1,200 |
| 1500 shares in S Ltd. at cost | 1,500 | - |
| Current assets : | | |
| Inventories | 6,100 | 2,400 |
| Trade receivables : | | |
| Debtors | 1,300 | 1,700 |
| Bills receivable | 100 | - |
| | 17,000 | 5,300 |

(*a*) All the profits of S Ltd. have been earned since the shares were acquired by H Ltd. but there was already the Reserve of ₹ 600 at the date.

(*b*) The Bills accepted by S Ltd. are all in favour of H Ltd., who discounted ₹ 200 of them.

(*c*) Sundry Assets of S Ltd. are undervalued by ₹ 200.

(*d*) The inventories of H Ltd. includes ₹ 500 bought from S Ltd. at a profit to the later of 25% on cost.

***अथवा / OR***

X लि० एवं Y लि० के दायित्वों एवं सम्पत्तियों के विवरण 31 मार्च, 2020 को निम्नानुसार थे :

| विवरण | X लि० (₹) | Y लि० (₹) |
|---|---|---|
| **देयताएँ :** | | |
| अंश पूँजी: | | |
| ₹ 10 प्रति अंश | 2,00,000 | 1,60,000 |
| लाभ-हानि विवरण पत्र | 80,000 | 40,000 |
| X लि० से ऋण | – | 16,000 |
| देय बिल | 16,000 | 12,000 |
| | 2,96,000 | 2,28,000 |
| **सम्पत्तियाँ :** | | |
| मशीनरी | 60,000 | 56,000 |
| फर्नीचर | 10,000 | 4,000 |
| देनदार | 50,000 | 1,60,000 |
| Y लि० को ऋण | 16,000 | – |
| Y लि० में अंश | 1,40,000 | – |
| प्राप्य बिल | 20,000 | 8,000 |
| | 2,96,000 | 2,28,000 |





X लि० ने Y लि० के 75% अंश ₹ 1,40,000 पर 31 मार्च, 2019 को क्रय किए जब Y लि० के लाभ-हानि विवरण-पत्र में ₹ 10,000 का डेबिट शेष था। Y लि० ने वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के लिए कोई लाभांश नहीं दिया है। नियन्त्रण लागत तथा अल्पमत अंशधारियों का हित दर्शाते हुये मिश्रित चिट्ठा बनाइए।

Following are the details of Liabilities and Assets of X Ltd. and Y Ltd. as on 31st March, 2020 :

| Particulars | X Ltd. (₹) | Y Ltd. (₹) |
|---|---|---|
| **Liabilities :** | | |
| Share Capital : | | |
| Shares of ₹ 10 | 2,00,000 | 1,60,000 |
| Statement of Profit & Loss | 80,000 | 40,000 |
| Loan from X Ltd. | - | 16,000 |
| Bills Payable | 16,000 | 12,000 |
| | 2,96,000 | 2,28,000 |
| **Assets :** | | |
| Machinery | 60,000 | 56,000 |
| Furniture | 10,000 | 4,000 |
| Debtors | 50,000 | 1,60,000 |
| Loan to Y Ltd. | 16,000 | - |
| Shares in Y Ltd. | 1,40,000 | - |
| Bills Receivable | 20,000 | 8,000 |
| | 2,96,000 | 2,28,000 |

*(Turn Over)*

X Ltd. purchased 75% shares of Y Ltd. for ₹ 1,40,000 on 31st March, 2019 when statement of the Profit & Loss of Y Ltd. showed a debit balance of ₹ 10,000. Y Ltd. has not paid any dividend for 2017-18, 2018-19 and 2019-20. Prepare consolidated Balance Sheet showing cost of control and minority shareholders interest.

## इकाई / Unit-V

5. व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) निस्तारक द्वारा आधिक्य का वितरण

(b) हीनता या कमी का खाता

(c) एक कम्पनी के समापन पर पूर्वाधिकार लेनदार

Write explanatory notes on :

(a) Distribution of balance by the Liquidator

(b) Deficiency Account

(c) Preferential creditors at the liquidation of company.

***अथवा / OR***

A लिमिटेड कम्पनी का ऐच्छिक समापन हुआ। कम्पनी की लेनदारियां ₹ 30,000 एवं सम्पत्तियां जिनसे वास्तव में ₹ 1,78,000 प्राप्त हुए। कम्पनी





की पूंजी में 10,000, ₹ 10 वाले पूर्वाधिकार अंश थे; इन पर ₹ 7 प्रति अंश की दर से याचित की गयी दत्त राशि थी। 8,000 पूर्वाधिकार अंशधारियों ने अपने अंशों की पूर्ण राशि ₹ 10 प्रति अंश की दर से अग्रिम दे दी थी। इसके अतिरिक्त 10,000, ₹ 10 वाले समता अंश थे जिन पर ₹ 9 प्रति अंश की दर से याचित किया गया था। 2000 समता अंशधारियों ने ₹ 8 प्रति अंश की दर से भुगतान किया था। 4000 समता अंशधारियों ने पूर्ण राशि ₹ 10 प्रति अंश की दर से याचनाओं का अग्रिम भुगतान कर दिया था तथा शेष अंशधारियों ने ₹ 9 प्रति अंश की दर से जो कि याचित किया था भुगतान कर दिया था।

यह मानते हुए कि पूर्वाधिकार अंशधारियों का पूँजी में कोई पूर्वाधिकार नहीं है आप निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइए। आप बकाया राशि को अंशधारियों में किस प्रकार बाटेंगे यह मानते हुए कि समापन के खर्च ₹ 2,000 थे तथा याचना की बकाया राशियां पूर्ण रूप से प्राप्त कर ली गयी हैं।

A Limited company went into voluntary liquidation with liabilities amounting to ₹ 30,000 and assets eventually realized ₹ 1,78,000. The capital of the company consisted of ₹ 10000 Preference Shares of

₹ 10 each, of which ₹ 7 per share was called and paid-up. The holders of 8000 Preference Shares had, however, paid-up the full ₹ 10 in advance of calls. In addition there were also 10000 Equity Shares of ₹ 10 each, on which ₹ 9 per share had been called. Holders of 2000 Equity Shares had however, paid-up ₹ 8 per share. Holders of 4000 Equity Shares had paid up the full ₹ 10 in advance of calls. Remaining shareholders have paid ₹ 9 per share as called up.

Assuming that Preference Shares have no prior right as to capital, prepare Liquidator's Final Statement of Account, how you would divide the available balance among the shareholders assuming that the costs of winding-up amount to ₹ 2,000 and that the calls in arrears are duly collected.

---